स्वीकार हमे कर ले हम दुखड़ों के मारे है

स्वीकार हमे कर ले हम दुखड़ों के मारे है,
तू कह दे कहाँ जाएं बस तेरे सहारे हैं,
स्वीकार हमे कर ले हम दुखड़ों के मारे है

जो दर पे गया तेरे सम्मान दिया तूने,
बिन बोले कष्टो को पहचान लिया तूने,
पहचान लिया तूने तू अंतर्यामी है,
हम मुरख सारे है तू कह दे कहाँ जाए,
बस तेरे सहारे है स्वीकार हमे कर ले,
हम दुखड़ों के मारे है

धन दौलत की हमको परवाह नहीं दाता,
चरणों की धुल मिले बस चाह यही बाबा,
बस चाह यही बाबा दर से ना ठुकराना,
तेरी आँख के तारे हैं तू कह दे कहाँ जाए,
बस तेरे सहारे है स्वीकार हमे कर ले,
हम दुखड़ों के मारे है

जिस ओर नजर फिरूं बस तू ही नजर आए,
अब छोड़ के दर तेरा ये हर्ष किधर जाए,
ये हर्ष किधर जाए आ हमको माफ़ी दे,
हम पापी सारे है तू कह दे कहाँ जाएं,
बस तेरे सहारे है स्वीकार हमे कर ले,
हम दुखड़ों के मारे है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21935/title/savikar-hume-karle-hum-dukhde-ke-maare-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |